Need to strengthen the public safety alert and emergency response system in Palghar-Vasai Industrial Area in Maharashtra in the wake of recent Chlorine Gas leakage in the region.-laid

डॉ**.** हेमंत विष्णु सवरा **(**पालघर**) :** मैं सरकार का ध्यान पालघर-वासई औद्योगिक क्षेत्र में हाल ही में हुई क्लोरीन गैस रिसाव की गंभीर घटना की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । इस घटना के कारण स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हुई और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा ।पालघर जिला तेजी से औद्योगिक और शहरी विकास की ओर बढ़ रहा है, जहाँ औद्योगिक इकाइयाँ और घनी आबादी एक-दूसरे के बहुत निकट स्थित हैं । ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की गैस रिसाव या औद्योगिक दुर्घटना से जन-स्वास्थ्य और पर्यावरण को सीधा खतरा उत्पन्न होता है । केंद्र सरकार द्वारा औद्योगिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं । फिर भी, पालघर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था को और सशक्त करने की आवश्यकता है । मेरा सरकार से विनम्र निवेदन है कि पालघर-वासई औद्योगिक क्षेत्र में खतरनाक रसायनों से जुड़ी इकाइयों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए, गैस रिसाव की त्वरित पहचान और चेतावनी प्रणाली को मजबूत किया जाए, स्थानीय अस्पतालों में आपात उपचार की पर्याप्त व्यवस्था की जाए तथा प्रशासन, उद्योग और स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए । इन कदमों से पालघर के नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सकेगा ।